पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा–(अधि0)–214/2024....................

बिहार कर्मचारी चयन आयोग

पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

## आवश्यक सूचना

पत्रांक 2907/आ.

दिनांक 30.7.2025

कृषि निदेशालय, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार कृषि प्रक्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र सहायक (विज्ञापन संख्या–03/25) की प्रारम्भिक प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–10.08.2025 को एक पाली में राज्य के सभी 09 प्रमंडलीय मुख्यालय वाले जिला अंतर्गत 106 परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित है। उक्त विज्ञापन हेतु आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण संख्या (**Registration No.**) एवं पासवर्ड (**Password**) डालकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय इस बात का ध्यान रखना है कि प्रवेश पत्र का प्रिंट स्पष्ट हो अर्थात प्रिंट की प्रति धूमिल (Faint) न हो।

2. आयोग के आवश्यक सूचना ज्ञापांक–2694/आ0, दिनांक–18.07.2025 द्वारा जिन 139 अभ्यर्थियों की सूची आयोग के वेबसाइट पर प्रकाशित करते हुए "Debarred" किये जाने संबंधित विवरणी विहित प्रपत्र में दिनांक–25.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक आयोग कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था, उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर 01 अभ्यर्थी यथा–AMITAB KUMAR (रजिस्ट्रेशन नम्बर–2530007807) का अभ्यर्थित्व रद्द किया जाता है। उक्त आवश्यक सूचना में उल्लिखित शेष 138 अभ्यर्थियों को **औपबंधिक (PROVISIONAL) प्रवेश पत्र** निर्गत किया गया है।

सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे और उनका अक्षरशः अनुपालन करेंगे। अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट **https://bssc.bihar.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहेंगे।

30/07/2025

सचिव

बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।